# » न्यूज-ब्रीफ



## डूंडलोद में तख्ता पार्टी ने मनाया पौष बड़ा महोत्सव

**मुकुंदगढ़ (सीमा सन्देश सं)।** गांव डूंडलोद के मुख्य बाजार में तख्ता पार्टी की ओर से 8 वां पौष बड़ा महोत्सव मनाया गया। सिद्धेश्वर महादेव आश्रम के महंत चैतननाथ महाराज के सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम में सत्यनारायण भगवान मंदिर में भोग लगाकर श्रद्धालुओं को घेवर व पकौड़ी का प्रसाद वितरण किया गया। शाम को आयोजित भजन संध्या में भीमसिंह एंड पार्टी के गायकारों ने एक से बढकर एक भजनों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में सुरेश नूंआवाला, डूंडलोद चेयरमैन हरफूल सिंह पूनिया, सुभाषचंद्र भूत, मुकेश पारीक, सतीश चंद्र कर्नाटक, डॉ केडी यादव, बसंत कानोडिया, किशन सिंह उदावत, गिरधारी गढ़वाल, सीताराम जीनगर, हुसैन खान, सुरेश पूनिया, मनफूल पूनिया, उमाशंकर शर्मा, महेश भादुपोता, घनश्याम भास्कर, बनवारी लाल जांगिड़, ललित अग्रवाल, सुभाष खंडेलवाल, शंकर लाल शर्मा, मनोज सेन, रघुवीर सैनी, प्रदीप सिंह शेखावत, संजय पुरोहित, मामराज गढवाल, मदन लाल स्वामी, सुरेश सैनी, अशोक भूत आदि मौजूद रहे।



## लक्ष्मी नारायण मंदिर में भगवान को लगाया पौष बड़े का भोग

**चिड़ावा।** शहर की स्टेशन रोड स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर में रविवार को भगवान को पौष बड़े का भोग लगाया गया। इस दौरान भगवान लक्ष्मी नारायण के जयकारों से मंदिर गूंज उठा। मंदिर महंत संजय पुजारी और कमलकांत पुजारी ने भगवान की आरती की और महा आरती के बाद भगवान को विधिवत रूप से हलवा और पकौड़ियों का भोग लगाया। इसके बाद मंदिर परिसर के बाहर आए श्रद्धालुओं और राहगीरों को भगवान को अर्पित किए पौष बड़े का गर्मागर्म प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर पुजारी परिवार के अलावा राजू शर्मा, डॉक्टर बी एल वर्मा, कमल खंडेलिया, जगदीश वर्मा सहित गणमान्य जन सेवा कार्यां में जुटे नजर आए।

# किसान सभा के नेतृत्व में संघर्ष समिति 20 को कलेक्ट्रेट पर करेगी हल्ला बोल प्रदर्शन

◆ **9 जनवरी से गांवों में पगड़ी सम्भाल किसान कार्यक्रम शुरू**



**झुंझुनूं (सीमा सन्देश सं)।** जेजूसर में 765 ङश ट्रांसमिशन लाइन प्रभावित किसान संघर्ष समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता किसान रामनाथ ने की। संचालन कॉमरेड कपिल ऐचरा ने किया। बैठक को सम्बोधित करते हुए कॉमरेड विजेंद्र कुल्हरी व रोहिताश राणासर ने कहा कि अब हमें इस संघर्ष को ओर तेज करते हुए जिला स्तर पर बड़ी लड़ाई की शुरूआत करनी होगी अन्यथा प्रशासन और कम्पनियां मिलकर आन्दोलन को कुचलने के कुप्रयास शुरू करेंगी। सभा में कॉमरेड महिपाल पूनियां ओर पंकज गुर्जर ने कहा कि जिलेभर का किसान इन कंपनियों से अपने हक अधिकार के लिए लड़ने को तैयार है बस जरूरत है हमें संगठित होने की। संगठन के आगे सरकार और कम्पनियां पहले भी झुकी हैं और आगे भी इन्हें झुकाएंगे। बैठक में महावीर देवगांव व मनोज डाबड़ी ने प्रस्ताव रखा कि हमें जिले के विभिन्न गांवों से जा रही गैस पाइपलाइन में बिना किसान की सहमति के कम्पनी के नाम के नोट जामबंदियो में प्रशासन द्वारा लगाए गए हैं जो किसान के हक पर डाका है इस हेतु भी संघर्ष समिति को जिला कलेक्टर को अपना विरोध दर्ज करवाना चाहिए। जिसका सभी ने समर्थन किया।

बैठक के बाद संघर्ष समिति के प्रवक्ता कॉमरेड कपिल ऐचरा ने बताया कि समिति ने तय किया है कि 20 जनवरी को जिला कलेक्ट्रेट पर बड़ा हल्ला बोल प्रदर्शन किया जाएगा जिसमें अन्य तहसीलों के संघर्षरत साथियों से सम्पर्क कर उनको भी शामिल किया जाएगा। जिलेभर में 9 जनवरी से 'पगड़ी संभाल किसान' अभियान चलाया जाएगा जिसके तहत हर प्रभावित किसान के घर और खेत में जाकर उसका समर्थन हासिल करते हुए 20 जनवरी के हल्ला बोल कार्यक्रम में शामिल होने का न्योता दिया जाएगा। 8 जनवरी को झुंझुनूं में संघर्ष समिति प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आन्दोलन की व्यापक रणनीति भी आमजन के समक्ष रखेगी।

सभा के बाद सभी किसान एकजुटता के साथ मंडावा के हनुमानपुरा गांव में पहुंचे और वहां काम कर रहे कंपनी के प्रतिनिधियों ओर मजदूरों को खदेड़ा। साथ ही खोदे गए गड्ढों को भी वापिस बुरवाकर मशीनों को वापिस भेजा गया।

बैठक में सतीश जेजूसर, मनीष राणासर, विकाश तोगड़ा, नरेन्द्र तोगड़ा, जगमाल, संजय, बिज्जू पंच, महावीर देवगांव, बलदेव सिंह, श्रवण मांडासी, सतीश पूनियां, दिनेश साँगासी, श्रीराम साँगासी, हरिसिंह कुल्हरी, राजेन्द्र कुल्हरी, जयनारायण, सुरेश स्वामी आदि साथी उपस्थित रहे।

## परमहंस पंडित गणेश नारायण बावलिया बाबा की पुण्यतिथि पर होगा बाबा का मंगल पाठ



**चिड़ावा (सीमा सन्देश सं)।** शहर मे शेखावाटी के आराध्य संत परमहंस पंडित गणेश नारायण जी बावलिया बाबा की 112 वी पुण्यतिथि के मौके पर परमहंस बावलिया बाबा मंगल पाठ का संगीतमय सामूहिक वाचन कार्यक्रम होगा। जानकारी देते बावलिया बाबा जागरण समिति के पवन भीमराजका ने बताया की बाबा की साधना स्थली मुख्य बाजार स्थित चौरासिया मंदिर में आयोजित होने वाले दो दिवसीय धार्मिक आयोजन के पहले दिन सात जनवरी को दोपहर एक बजे से बावलिया बाबा भक्त मंडल, पंडित गणेश नारायण जागरण समिति और बावलिया बाबा महिला भक्त मंडल के संयुक्त तत्वावधान में सनातन आश्रम के प्रणेता बावलिया बाबा के कृपा शिष्य वाणीभूषण पंडित प्रभुशरण तिवाड़ी के संयोजन में बावलिया बाबा मंगल पाठ का संगीतमय वाचन किया जाएगा।

# जांगिड़ समाज के विशिष्ट जनों का सेवा के लिए सम्मान



**नवलगढ़ (सीमा सन्देश सं)।** नवलगढ़ के जांगिड़ समाज की संस्थाओं द्वारा नवलगढ़ क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के सेवा कार्यो के लिए समाज के विशिष्ट जनों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ चिकित्सक डॉ दयाशंकर जांगिड ने की।मुख्य अतिथि संदीप जांगिड़ प्रोफेसर पोदार कॉलेज थे। f

वशिष्ट अतिथि शिक्षाविद ओमप्रकाश जांगिड़ थे। अतिथियों को भगवान विश्वकर्मा की फोटो के आकर्षक प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। बजरंगलाल जांगिड़ को जिला परिषद सदस्य, दो बार पंचायत समिति सदस्य कई वर्षों तक लोहार्गल गोल्याणा धाम के अध्यक्ष रहकर उत्कृष्ट कार्य करने के लिए राजनीतिज्ञ के रूप में सम्मानित किया गया।

इंजीनियर भंवरलाल जांगिड़ जो अंगिरा सेवा समिति के अध्यक्ष है, उनको इस संस्था को उत्कृष्ट बनाने के लिए तथा राजकीय सेवा (बिजली विभाग) में ईमानदारी व कर्तव्यनिष्ठा के साथ सेवा के लिए सम्मानित किया गया। बसेसर दयाल जांगिड़ जो वर्तमान मे श्री विश्वकर्मा जांगिड़ संस्थान नवलगढ़ मे अध्यक्ष है ने संस्था के लिए चारदीवारी बिजली पानी की व्यवस्था कर उत्कृष्ट समाज सेवा का उदाहरण पेश किया है संस्था करीब 15 वर्षो से किन्ही कारणों से निष्क्रिय हो गई थी।

प्रहलाद राय जांगिड़ सेवानिवृत प्रिंसीपल जो स्काउट गाइड के ट्रेनर व अन्य पदों पर रहकर उत्कृष्ट कार्य करने पर व भामाशाह, अपनी संतान को उच्च शिक्षा दिलाने के लिए सम्मानित किया गया। राजील जांगिड़ जो सूरत मे प्रॉपर्टी डीलर है, एक अच्छे व्यवसायी तथा भामाशाह के रूप में सम्मानित किया गया। उन्होंने पिछले दिनो विश्वकर्मा जांगिड़ संस्थान को पांच लाख रुपये का आर्थिक सहयोग देकर कीर्तिमान स्थापित किया। अध्यक्षता करते हुये डॉ जांगिड़ ने कहा कि नवलगढ़ की चार संस्थाएं अंगिरा सेवा समिति, श्री विश्वकर्मा जांगिड़ संस्थान लोहार्गल, गोल्याणा सेवा समिति व अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण संस्था की शाखा नवलगढ़ सब मिलकर पूरे क्षेत्र मे सेवा के आयाम स्थापित करेगी। संस्थाओं द्वारा वर्ष भर वृक्षारोपण, रक्तदान शिविर, चिकित्सा शिविर करने की व्यवस्था, स्वच्छता, विधवा, सहायता, उत्कृष्ट विद्यार्थियों व समाजसेवी का सम्मान छात्रों को छात्रवृति, नशामुक्ति आदि सामाजिक कार्य कर समाज व सर्व समाज को लाभान्वित करेगी व देश के विकास मे भागीदारी निभायेगी।

हमारी संस्थाएं सम्मान के लिए सिर्फ प्रतीक चिंह देगी व अन्य संस्थाओ को प्रेरित करेगी कि शॉल, साफा माला पर अंकुश लगाकर पैसा बचाकर सामाजिक काम मे लगायेगी।प्रोफेसर संदीप जांगिड़, बसेसर दयाल, बजरंगलाल, भंवरलाल, ओमप्रकाश, प्रहलाद राय ने एकजूट होकर समाज मे व्याप्त विसंगतियों को दूर कर सेवा के संकल्प पूरे किये जायेंगे। नवलगढ़ जांगिड़ समाज देश मे अपना विशिष्ट स्थान रखता है।समाज चिकित्सा, शिक्षा समाजसेवा व भामाशाह के रूप में अग्रणी रहा है। कार्यक्रम का संचालन सुरेश कुमार जांगिड़ ने किया।



## प्रिंस कैरियर इंस्टिट्यूट टैलेंट सर्च परीक्षा का सफलतापूर्वक आयोजन

**झुंझुनूं (सीमा सन्देश सं)।** जिला मुख्यालय स्थित प्रिंस कैरियर इंस्टिट्यूट द्वारा प्रिंस ओलंपियार्ड टैलेंट सर्च परीक्षा का सफलता पूर्वक आयोजन हुआ। संस्थान निदेशक निर्मल कालेर व पीसीआई हैड अनूप सिंह ने बताया कि जिले के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। जिला मुख्यालय के दो केन्द्रों सहित ,बडागाँव व नवलगढ के परीक्षा केन्द्रो पर लगभग 1285 बच्चों ने इस परीक्षा में भाग लिया। याद रहे इस परीक्षा के माध्यम से संस्थान ने 1 करोड़ तक की स्कॉलरशिप देना तय किया है। परीक्षा का दूसरा फेज रविवार 12 जनवरी को होगा । इसी के साथ इंस्टिट् ?यूट ने कक्षा 10 व 12 के विद्यार्थियों के लिए सोमवार से ब्रिज कोर्स आरंभ किया है जो पूर्णतः निःशुल्क है। इसके माध्यम से बोर्ड परीक्षा में भाग लेने वाले बच्चे अपने प्राप्तांको में वृद्धि कर सकते हैं। इस मौके पर प्रिंस ग्रुप ऑफ स्कूल्स के चेयरमैन डॉ० जी० एल० कालेर ने परीक्षा में भाग लेने वाले बच्चों को शुभकामनाएँ दीं और उनके उज्वल भविष्य की कामना की।इस अवसर पर संस्थान एकेडमिक डायरेक्टर समीर शर्मा, प्रिंसिपल डॉ. अनिता पंत शर्मा, महेन्द्र सैनी व सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित थे ।

# डूंडलोद के मकान में आग से जला सामान,दो दमकलों ने मशक्कत के बाद पाया काबू

**लाखों का सामान जलकर राख**



**मुकुंदगढ़ (सीमा सन्देश सं)।** गांव डूंडलोद में पेट्रोल पंप के पीछे स्थित एक मकान में रविवार दोपहर अचानक आग लग गई। आग से लाखों रुपए का घरेलू सामान जलकर राख हो गया। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। सूचना पर नवलगढ़ और मुकुंदगढ़ की दमकलें मौके पर पहुंची और आग बुझाने के प्रयास शुरू किए। जानकारी के अनुसार डूंडलोद निवासी रहमत अली के मकान में आग लगी। आग से कपड़े, बैड, पंखे, कूलर, एसी, ट्रैक्टर के कागजात समेत अन्य सामान जल गया। आग से मकान की छत की पट्टिया भी धमाके के साथ टूट गई। जिससे पड़ौस के मकानों में भी दरारे आ गई। गनीमत रही है कि आग लगने की घटना के दौरान परिवार के लोग मकान से बाहर धूप में खड़े थे।मकान से धुंआ उठता देख परिवार के लोग दौडकर वहां पहुंचे तो घटना का पता चला। दोनों दमकलों ने करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

## श्रीमती बिमला देवी रिद्धकरण मोदी परिवार की ओर से मोदियो की जॉव में कंबल वितरण

**झुंझुनूं (सीमा सन्देश सं)।** स्थानीय तिवारी की बगीची फौज का मोहल्ला मोदियो की जॉव के समीप रहने वाले जरूरतमंद लोगों को शीतलहर के इस मौसम में श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था की ओर से श्रीमती बिमला देवी मोदी धर्मपत्नी स्वर्गीय श्री रिद्धकरण जी मोदी परिवार की ओर से कंबल वितरण किया गया। कार्यक्रम में बतौर अतिथि इस्कॉन मंदिर के हरि भक्त राधा मदन मोहन दास, नवीन कांति दास बंसल, मधुसूदन दास, राधेश्याम मोरवाल आर्किटेक उपस्थित थे जिनका संस्था की ओर से दुपट्टा ओढाकर बाबा श्याम का प्रतीक चिन्ह भेंटकर स्वागत अभिनंदन किया गया। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में संस्था की ओर से गर्म कंबल वितरण कार्यों की मुक्त कंठ से सराहना भी की गई। इस अवसर पर अनिल केड़िया, पवन अग्रवाल गुढ्ढावाला, संस्था के ट्रस्टी श्रवण केजडीवाल, परमेश्वर हलवाई, डॉक्टर डीएन तुलस्यान, सीए पवन केडिया सहित अन्य जन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## गुजरवास में साधु-संतों व ग्रामीणों को गर्म कंबल की वितरित

**चिड़ावा।** सिंघाना के गुजरवास में रविवार को बाबा रतनगिरी आश्रम में बरसोदी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट के सौजन्य से समाजसेवी महावीर ठेकेदार के द्वारा गर्म कंबल व शॉल वितरण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। जिसके मुख्य अतिथि सिंघाना थानाधिकारी कैलाश यादव रहे। विशिष्ट अतिथि के तौर पर सुबे सिंह, सज्जन यादव, डॉ उमेश कुमार, मुन्ना राजोरा मौजूद रहे। महावीर यादव ठेकेदार ने बताया कि हर वर्ष बाबा रतन गिरी व बाबा आदर्शगिरी की बरसोदी पर कार्यक्रम व भंडारा किया जाता है।

**राजस्थान मास्टर्स एथलेटिक्स चैम्पियनशिप 2024-25**

# बुजुर्ग खिलाड़ियों ने दिखाया अपना दमखम

**चिड़ावा (सीमा सन्देश सं)।** जयपुर में आयोजित राजस्थान मास्टर्स एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आज रविवार को राजस्थान यूनिवर्सिटी के खेल मैदान मे भव्य आयोजन हुआ जिसमे राजस्थान के सभी जिलो की टीमो ने भाग लिया जिला झुंझुनू की ओर से 15 सदस्य टीम ने विभिन्न ऐथेलिटिक्स प्रतियोगिताओ मे अपना दमखम दिखाया ओर मैडल जीतकर जिले का नाम रोशन किया। इस प्रतियोगिता मे चिङवा निवासी पूर्व आर्मी कमांडो लिलाधर लमोरिया ने 50+आयुवर्ग के लॉन्ग जम्प मे 3-57 मीटर जम्प लगाकर गोल्ड मेडल जीता, 100 मीटर रेस मे कांस्य पदक प्राप्त किया ओर 5 किलोमीटर दोङ भी तीसरा स्थान हासिल किया, इसी तरह सुबेसिहं निवासी सोहली ने भी 800 व 5000 मीटर दोङ मे दुसरा व तीसरा स्थान हासिल किया, इश्वर सिंह निवासी कलोठङा ने 400 मीटर व 1500 मीटर के अपने आयुवर्ग मे दुसरा एवम तीसरा स्थान प्राप्त कर मैडम जीते, प्रधानाचार्य अजय कुमार निवासी सातङ्या ने भी अपने आयुवर्ग 35+ के 100 मे ओर लॉन्ग जम्प मे गोल्ड मेडल जीते, 400 मीटर मे तीसरा स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक प्राप्त किया, अध्यापक महिपमान निवासी सिघाना ने भी अपने आयुवर्ग के 100 मीटर मे गोल्ड मेडल, 800 ओर 1500 मीटर मे सिल्वर मेडल जीते, दिलबर भालोठिया निवासी ढाणी भालोठ ने भी 50+ आयुवर्ग के जैवलिगं थ्रो व पोल्ट वाल्ट मे एक एक कुल दो गोल्ड मेडल जीतकर जिले का नाम रोशन किया सभी विजेता खिलाडियो को मेडल ओर विजेता प्रमाणपत्र मास्टर्स एथलेटिक्स चैम्पियनशिप राजस्थान के प्रेसिडेंट श्रीमान जी अल शर्मा और आयोजन समिति की सेक्रेट्री श्रीमती लक्ष्मी स्वामी द्वारा प्रदान किये गए।

**वारदात** पुलिस व डॉग स्क्वायड ने किया मौका मुआयना,खंगाले सीसीटीवी फुटैज

# डूंडलोद में बंद मकान के ताले तोड़ जेवरात व नकदी चोरी



**मुकुंदगढ़ (सीमा सन्देश सं)।** थाना क्षेत्र के गांव डूंडलोद में चोरी की वारदातों का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। गांव में गत दिसंबर माह में हुई चोरी की करीब आधा दर्जन वारदातों का अभी खुलासा भी नहीं हुआ कि इससे पहले ही शनिवार रात को डूंडलोद में चोरी की एक और वारदात हो गई। इस बार चोरों ने गांव में श्याम मंदिर के निकट स्थित हरीश पारीक के बंद मकान को निशाना बनाया। परिवार के लोग मुंबई रहते है।

ऐसे में मकान बंद था। चोर मकान के ताले तोड़ सोने-चांदी के जेवरात व नकदी समेत सामान पर हाथ साफ कर गए। जानकारी के मुताबिक चोर मकान के मुख्य गेट का ताला तोडकर अंदर घुसे। इसके बाद अंदर के गेट और तीन कमरों के ताले व व कुंदे तोडकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने सामान को खंगाला तो उन्हे अलमारी आदि की चाबियां भी मिल गई। जिसके बाद वे आसानी से कमरों में रखी आलमारी से करीब 20 हजार रूपए नकद, सोने चांदी के जेवरात व अन्य सामान चोरी कर ले गए। सूचना पर मुकुंदगढ़ पुलिस थाने में एचसी दिलीप सिंह मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का मौका मुआयना कर आवश्यक जानकारी जुटाई। उधर, पुलिस की ओर से डॉग स्क्वायड को भी मौके पर बुलाया गया। पुलिस ने मकान के आस पास में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी खंगाले है। कैमरों में चार संदिग्ध युवक नजर आए बताए जा रहे है।वारदात के चोर दौरान आर्टिफिशियल जेवरात को छोड़ गए व सोने-चांदी के जेवरात ले गए।

### परिवार में आगामी माह में होने वाली शादी की चल रही तैयारियां

जानकारी में सामने आया है कि जिस मकान में चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया। उस परिवार में आगामी फरवरी में बेटे की शादी होनी है। परिवार में शादी की तैयारियां चल रही थी।परिवार के लोग मकान बंद कर पांच दिन पहले ही मुंबई गए थे और तीन दिन बाद वापस आने वाले थे।इससे पहले चोरी की वारदात हो गई।चोरों ने वारदात के दौरान मकान में टॉयलेट भी यूज किया।

### डूंडलोद में गत माह भी हो चुकी है चोरी की आधा दर्जन वारदाते,एक का भी नहीं हुआ खुलासा

गांव डूंडलोद में गत दिसंबर माह में भी चोरी की करीब आधा दर्जन वारदाते हो चुकी है। चोरी की सभी वारदाते अभी तक पहेली ही बनी हुई है और पुलिस एक भी वारदात का अभी तक खुलासा नहीं कर सकी है। जिससे लोगों में आक्रोश है। वहीं पुलिस की रात्रि गश्त व कार्यशैली पर भी सवाल उठने लगे है।

TATA

**टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेन्स लिमिटेड**

पंजीकृत पता : 11 वां तल, टॉवर ए, पेनिन्सुला बिजनेस पार्क, गणपतराव कदम मार्ग, लोवर परेल, मुम्बई-400013
शाखा पता : द्वितीय तल द गुमान प्रथम, आम्रपाली सर्किल, वैशाली नगर, जयपुर (राजस्थान)-302021

**अचल सम्पत्ति के विक्रय के लिए सूचना**
(प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के सहपठित नियम 9(1) के अन्तर्गत)

**प्रतिभूतिकरण और वित्तीय आस्तियों का पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 सहपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) और नियम 9(1) के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय के लिए 15 दिन की ई-नीलामी सूचना**

जन सामान्य तथा विशेष रूप से निम्नलिखित ऋणधारक और/सह-ऋणधारक या उनके विधिक वारिसों/प्रतिनिधियों (ऋणधारकों) को सूचित किया जाता है कि नीचे उल्लेखित अचल सम्पत्ति जो **टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेन्स लिमिटेड (टीसीएचएफएल)** के पास गिरवी है, का कब्जा टीसीएचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया जा चुका है, को नीचे उल्लेखित ऋणधारक व सहऋणधारकों से बकाया की वसूली के लिए 'जो है जहां है', 'जैसा है जो है' तथा 'जो भी वहां है' बिना किसी रिकोर्स के आधार पर **23-01-2025** को विक्रय किया जाएगा। आरक्षित मूल्य एवं बयाना राशि जमा का उल्लेख नीचे है। यहां यह सूचित किया जाता है कि इस सुरक्षित आस्ति/सम्पत्ति का विक्रय किसी स्थगन/बिना अन्तराल ई-नीलामी द्वारा **23-01-2025** को अपराह्न 2 बजे किया जाएगा। ई-नीलामी में भाग लेने के लिए टीसीएचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी को ईएमडी का डिमांड ड्राफ्ट सीलबंद लिफाफे में **22-01-2025** को सायं 5 बजे तक या उससे पूर्व शाखा पता **टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड,** द्वितीय तल द गुमान प्रथम, आम्रपाली सर्किल, वैशाली नगर, जयपुर (राज.) 302021 को प्रस्तुत करना होगा।

सुरक्षित आस्ति/अचल सम्पत्ति का विक्रय 'जैसी है वहां जो स्थिति है' के आधार पर किया जाएगा, जिनका संक्षिप्त विवरण यहां निम्नानुसार है :

| क्रम. सं. | ऋण खाता संख्या | ऋणधारक (ों)/सह-ऋणधारक (ों) विधिक वारिस (ों)/ विधिक प्रतिनिधि /जमानतदार(ों) के नाम | डिमांड नोटिस के अनुसार राशि | आरक्षित मूल्य | बयाना राशि | कब्जे का प्रकार | 30-12-2024 के अनुसार बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1) | TCHHF0351000100084452 & TCHHF0351000100084380 & 9884933 | श्री सुधींद्र भारद्वाज श्रीमती स्नेहल भारद्वाज पत्नी सुधींद्र भारद्वाज इंनफिनिट सोल्यूशन के मालिक के माध्यम से | ऋण खाता संख्या TCHHF0351000100084452 के अधीन बकाया व आप द्वारा देय राशि रु. **16,30,857/-**(रुपए सौलह लाख तीस हजार आठ सौ सतावन मात्र) तथा ऋण खाता संख्या TCHHF0351000100084380 के अधीन बकाया व आप द्वारा देय राशि रु. **16,21,585/-**(रुपए सौलह लाख इक्कीस हजार पांच सौ पिचासी मात्र) तथा ऋण खाता संख्या 9884933 के अधीन बकाया व आप द्वारा देय राशि **रु. 55,266/-**(रुपए पिचपन हजार दो सौ छियासठ मात्र) अर्थात कुल **रु. 33,07,708/-**(रुपये तैतीस लाख सात हजार सात सौ आठ मात्र) 31-10-2022 | फ्लैट संख्या 401 रुपये 9,50,000/- और फ्लैट संख्या 402 रुपये 9,50,000/- | फ्लैट संख्या 401 रुपये 95,000/- और फ्लैट संख्या 402 रुपये 95,000/- | भौतिक | ऋण खाता संख्या TCHHF0351000100084452 के अधीन बकाया व आप द्वारा देय राशि रु. **2399181/-**(रुपए तेईस लाख निन्यानवे हजार एक सौ इक्यासी मात्र) तथा ऋण खाता संख्या TCHHF0351000100084380 के अधीन बकाया व आप द्वारा देय राशि रु. **2371245/-**(रुपए तेईस लाख इकहत्तर हजार दो सौ पैंतालीस मात्र) तथा ऋण खाता संख्या 9884933 के अधीन बकाया व आप द्वारा देय राशि **रु. 145362/-**(रुपए एक लाख पैंतालीस हजार तीन सौ बासठ मात्र) अर्थात कुल **रु. 4915788/-**(रुपये उनचास लाख पंद्रह हजार सात सौ अठासी मात्र) |
| | **अचल संपत्ति का विवरण:** **संपत्ति 1:** सीपी-3,5 और 6, जापानीज जोन, नीमराना, अलवर, राजस्थान स्थित कॉम्प्लेक्स जिसे नीमराना हाईट के नाम से जाना जाता है में टॉवर-सी, चौथी मंजिल पर, यूनिट नं. 401. सुपर एरिया 465 स्कैयर फीट। बिल्डर क्रेता अनुबंध में लिखी गई सामान्य सुविधाओं के साथ **संपत्ति 2 :** सीपी-3,5 और 6, जापानीज जोन, नीमराना, अलवर, राजस्थान स्थित कॉम्प्लेक्स जिसे नीमराना हाईट के नाम से जाना जाता है में टॉवर-सी, चौथी मंजिल पर, यूनिट नं. 402. सुपर एरिया 465 स्कैयर फीट। बिल्डर क्रेता अनुबंध में लिखी गई सामान्य सुविधाओं के साथ | | | | | | |
| 2) | 9880881 | श्री अंजनी कुमार ओझा श्रीमती साधना श्री नीतिश कुमार पांडे | **रु. 10,96,904/-** (रुपये दस लाख छियानवे हजार नौ सौ चार मात्र) 30-07-2021 | रु. 7,50,000/- (रुपये सात लाख पचास हजार मात्र) | रु. 75,000/- (रुपये पिचहत्तर हजार मात्र) | भौतिक | रु. 1878732/-(रुपये अठारह लाख अठहतर हजार सात सौ बत्तीस मात्र ) |
| | **अचल सम्पत्ति का विवरण :** ग्राम टपुकड़ा, अलवर-तिजारा रोड, तहसील-तिजारा, जिला अलवर, राजस्थान स्थित आवासीय अचल सम्पत्ति के फ्लैट सं. ए2-501 के सभी हिस्से व खण्ड। टॉवर ए2 में पांचवें तल पर सुपर एरिया माप लगभग 965 वर्ग फीट, स्टेटस रेजिडेंसी में भूमि का अविभाजित आनुपातिक हिस्सेदारी सहित। | | | | | | |

नीलामी के समय जन सामान्य व्यक्तिगत रूप से बोली(यां) प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित है। इस विक्रय से जुड़े किसी भी अधिकारी या अन्य व्यक्ति का इस विक्रय निष्पादन प्रक्रिया के दौरान कोई कर्तव्य-अधिकार नहीं होगा तथापि अचल संपत्ति के विक्रय, बोली, अधिग्रहण या अधिग्रहण के प्रयास में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कोई भी हित नहीं होगा।
विक्रय का विषय प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 में निर्धारित नियमों के अंतर्गत होगा तथा निम्नांकित शर्तों के अधीन किया जाएगा :

**नोटः ई-नीलामी का आयोजन पोर्टल पर https://bankauctions.in/ पर 23.01.2025 को दोपहर 2.00 से सायं 3.00 के बीच 5 मिनट के प्रत्येक असीमित अंतराल के साथ किया जाएगा।**

**नियम व शर्तें :** 1. अनुसूची में वर्णित विवरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के सर्वोत्तम ज्ञान एवं सूचना अनुसार कथन किए गए हैं, परन्तु इस उद्घोषणा में हुई किसी भी चूक, मिथ्या कथन या भूल के लिए अधोहस्ताक्षरकर्ता उत्तरदायी नहीं होंगे। बोली राशि, बोलीदार संबंधित किसी भी विवाद की स्थिति में अचल सम्पत्ति को नीलामी में पुनः रखना प्राधिकृत अधिकारी के विवेक पर निर्णय होगा। 2. अचल संपत्ति का विक्रय आरक्षित मूल्य से कम पर नहीं किया जाएगा। 3. बोली बढ़ाने की राशि **रु. 10,000/- (रुपए दस हजार मात्र)** रहेगी। 4. संपत्ति के क्रय हेतु प्रस्तुत सभी निविदाओं के साथ धरोहर राशि जो '**टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेन्स लि.,** के शाखा पते के पक्ष में देय डिमांड ड्राफ्ट के रूप में जमा होना आवश्यक है, असफल बोलीदाता को डिमांड ड्राफ्ट वापस कर दिया जाएगा। एनइएफटी/आरटीजीएस/आईएमपीएस के माध्यम से ईएमडी भुगतान के लिए कृपया प्रधिकृत अधिकारी से सम्पर्क करें। 5. किसी भी उच्चतम बोलीदाता को क्रयकर्ता घोषित करना हमेशा ही एक विधिसम्मत प्रक्रिया होती है एवं उसे कानूनी रूप से पात्र माना जाता है, जबकि उसकी बोली राशि आरक्षित मूल्य से कम नहीं होनी चाहिए। यह प्राधिकृत अधिकारी के विवेक पर है कि जब ऑफर किया गया मूल्य स्पष्टरूप से यह संकेत कर रहा हो तो यह अनुचित है तो वह उच्चतम बोली को स्वीकार करने से इनकार कर दे। 6. दर्ज किये गये कारणों से यह 'प्राधिकृत अधिकारी' का स्वनिर्णय का अधिकार है कि वह विक्रय को आगे बढ़ा दे या रोक दे। 7. सम्पत्तियों का निरीक्षण **17.01.2025** को **प्रातः 11 से सायं 5.00** बजे के मध्य किया जा सकता है। 8. प्राधिकृत अधिकारी के पास 24 घंटे में क्रय मूल्य/बोली की राशि का पच्चीस प्रतिशत (जिसमें ईएमडी राशि शामिल होगी) राशि जमा करने पर व्यक्ति को क्रेता घोषित किया जाएगा, इस जमा में असफल रहने पर सम्पत्ति ताजा नीलामी/निजी संधि से विक्रय हेतु रखी जाएगी। 9. प्राथमिक रूप से उपरोक्त अनुसार राशि जमा करने की दशा में, क्रेता को संपत्ति की पुष्टि की दिनांक से 15वें दिन या इससे पहले, 15 वें दिन अवकाश या रविवार हो तो 15वें दिन के पश्चात प्रथम दिन तक प्राधिकृत अधिकारी के पास क्रय बोली राशि की शेष राशि जमा करनी होगी। 10. उपरोक्त अवधि में भुगतान में किसी चूक की स्थिति में सम्पत्ति को निजी संधि द्वारा नई नीलामी/बिक्री के लिए रखा जाएगा। ईएमडी सहित जमा **टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेन्स लि.** द्वारा जब्त कर ली जाएगी और चूककर्ता क्रेता सम्पत्ति के सभी दावों को खो बैठेगा। 11. **टाटा केपिटल हाउसिंग फाइनेन्स लि.** को ज्ञात सभी अवरोध जो संपत्ति से संलग्न है : ऊपर दी गई सारणी के अनुसार। संभावित बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि सम्पत्ति पर सम्पत्ति-कर व विद्युत आदि के वैधानिक उत्तरदायित्व क्षेत्रों सहित अवरोधों के सम्बंध में अपनी स्वतंत्र जांच करें। 12. **किसी भी अन्य विवरण या ई-नीलामी की प्रक्रिया के ऑनलाइन प्रशिक्षण के लिए सम्भावित बोलीदाता सेवा प्रदाता, मैसर्स 4क्लोजर, ब्लॉक संख्या 605 ए, छठा तल, मैत्रीवनम कमर्शियल कॉम्पलैक्स, अमीरपेट, हैदराबाद -500038 और ईमेल : info@bankauctions.in मनीष बंसल, ईमेल आईडी Manish.Bansal@tatacapital.com प्राधिकृत अधिकारी मोबा. नं. 8588983696, कृपया अपनी पूछताछ वट्सऐप नं. 9999078669 पर भेजें।** 13. टीडीएस 1 प्रतिशत लागू होगा और यह घोषित उच्चतम बोली राशि पर उच्चतम बोलीदाता द्वारा देय होगा। उच्चतम बोलीदाता द्वारा भुगतान मालिक/क्रेता(ओं) के पैन से जमा होगा और हमारी कम्पनी को चालान की प्रति प्रस्तुत करनी होगी। 14. कृपया उक्त विवरण के लिए सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट पर इस लिंक पर जाएं **http://surl.li/xrqgni** 15. कृपया इस लिंक पर भी जाएं: **https://www.tatacapital.com/property-disposal.html**

**कृपया ध्यान दें:** टीसीएचएफएल ने इस सम्पत्ति के ब्रोकर/एजेन्ट के लिए उल्लेखित नीलामी साझेदार की ओर से किसी भी ब्रोकर/एजेंट को अनुबंधित नहीं किया है। इच्छुक पार्टियां इस मामले में समस्त पूछताछ व प्रश्नावली के लिए केवल प्राधिकृत अधिकारी या अधोहस्ताक्षरकर्ता से सम्पर्क करें।

हस्ता./-
प्राधिकृत अधिकारी
टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लि.

**स्थान : राजस्थान**
**तिथि : 06.01.2025**